# अध्याय – 11 | यतींद्र मिश्र

## QUIZ-03

1. **संकटमोचन मंदिर में होने वाले संगीत आयोजन की विशेषता क्या है?**
   A. यह आयोजन केवल एक दिन का होता है
   B. इसमें केवल भजन गाए जाते हैं
   C. यह पाँच दिनों तक चलता है और शास्त्रीय-उपशास्त्रीय गायन-वादन होता है
   D. इसमें केवल नृत्य होता है (C)

*व्याख्या :* संकटमोचन मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर पाँच दिनों तक शास्त्रीय और उपशास्त्रीय गायन-वादन का आयोजन होता है।

2. **बिस्मिल्लाह खाँ जब काशी से बाहर रहते थे, तो वे क्या करते थे?**
   A. शहनाई बजाना बंद कर देते थे
   B. काशी लौटने तक इंतज़ार करते थे
   C. काशी विश्वनाथ और बालाजी मंदिर की दिशा में बैठकर शहनाई बजाते थे
   D. केवल भजन गाते थे (C)

*व्याख्या :* वे जहाँ भी रहते, काशी विश्वनाथ और बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके शहनाई बजाते थे।

3. **बिस्मिल्लाह खाँ का कहना था कि उनके लिए शहनाई और काशी किसके समान हैं?**
   A. मंदिर और मस्जिद B. जन्नत
   C. किताब और ज्ञान D. माता-पिता (B)

*व्याख्या :* बिस्मिल्लाह खाँ कहते थे कि शहनाई और काशी से बढ़कर उनके लिए इस धरती पर कोई जन्नत नहीं।

4. **बिस्मिल्लाह खाँ को भारतरत्न किस चीज़ के लिए मिला?**
   A. उनकी सादगी के लिए
   B. उनके वस्त्र-आभूषण के लिए
   C. शहनाई पर उनके योगदान के लिए
   D. उनके धार्मिक कार्यों के लिए (C)

*व्याख्या :* उन्होंने कहा कि भारतरत्न उन्हें शहनाई पर मिला है, कपड़ों पर नहीं।

5. **बिस्मिल्लाह खाँ किस चीज़ की कमी को विशेष रूप से महसूस करते थे?**
   A. मंदिर की घंटियाँ
   B. मलाई बर्फ, कचौड़ी और जलेबी
   C. रियाज़ के साथी D. संगीत प्रतियोगिता (B)

*व्याख्या :* पक्का महाल से मलाई बर्फ बेचने वाले चले जाने के बाद उन्हें मलाई बर्फ, कचौड़ी और जलेबी की कमी खलती थी।

6. **बिस्मिल्लाह खाँ का जीवन हमें क्या प्रेरणा देता है?**
   A. भोग-विलास का जीवन जीना
   B. भाईचारे और सरल जीवन का संदेश
   C. केवल धार्मिक अनुशासन का पालन करना
   D. राजनीति में सक्रिय रहना (B)

*व्याख्या :* उनका जीवन हमें परस्पर भाईचारा बढ़ाने और सादगीपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

7. **काशी को किस उपाधि से संबोधित किया गया है?**
   A. मोक्षधाम B. आनंदकानन
   C. तंत्रपीठ
   D. महाधाम (B)

*व्याख्या :* काशी को शास्त्रों में 'आनंदकानन' के नाम से प्रतिष्ठित बताया गया है।

8. **बिस्मिल्लाह खाँ की मृत्यु कब हुई?**
   A. 21 अगस्त 2005
   B. 21 अगस्त 2006
   C. 15 अगस्त 2006
   D. 20 जुलाई 2006 (B)

*व्याख्या :* 21 अगस्त 2006 को 90 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ।

9. **बिस्मिल्लाह खाँ साहब की सबसे बड़ी देन क्या मानी गई है?**
   A. संगीत प्रतियोगिताओं में भाग लेना
   B. पूरी उम्र संगीत सीखने की जिजीविषा बनाए रखना
   C. राजनीति में योगदान देना
   D. मंदिरों का पुनर्निर्माण करना (B)

*व्याख्या :* उनकी सबसे बड़ी देन यह रही कि उन्होंने पूरी उम्र संगीत को संपूर्णता से सीखने की जिजीविषा अपने भीतर जिंदा रखी।

10. **बिस्मिल्लाह खाँ को हमेशा किस रूप में याद किया जाएगा?**
    A. एक धार्मिक नेता के रूप में
    B. महान साहित्यकार के रूप में
    C. संगीत के नायक और भाईचारे के प्रतीक के रूप में
    D. एक राजनेता के रूप में (C)

*व्याख्या :* उन्हें संगीत का नायक और भाईचारे की प्रेरणा देने वाला व्यक्तित्व माना जाएगा।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App